उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

पत्रांकः– 2753 / फाईल कवर क्रय / 2024–25, दिनाँक : 07 जून, 2024

कोटेशन दरें लेने हेतु

कार्यालय सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय उपयोगार्थ उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग प्रिन्टेड फाईल कवर बनवायी जानी है। इस हेतु इच्छुक फर्मों / ठेकेदारों से मोहर बंद दरें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट व आयोग काउन्टर पर दिनाँक 12 जून, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अपने लेटर पैड पर कोटेशन / दरें आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जो कि उसी दिन मध्याह्न 12:00 बजे समिति द्वारा खोली जाएगी।

–SD–

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

पत्रांकः– 2752 / रद्दी विक्रय कार्य / 2024–25, दिनांकः– 07 जून, 2024

कोटेशन दरें लेने हेतु

कार्यालय–ज्ञाप

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 हेतु कागज की रद्दी (लिफाफा, सफेद पेपर, फाइल गत्ता व अखबार आदि) जैसा है, जहाँ है, के आधार पर विक्रय की जानी है। इस हेतु इच्छुक फर्मों / ठेकेदारों से मोहर बन्द दरें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट व आयोग काउन्टर पर दिनांक 19 जून, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अपने लेटर पैड पर कोटेशन / दरें आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जो कि उसी दिन मध्याह्न 12:00 बजे समिति द्वारा खोली जाएगी। इस हेतु शर्तें आदि आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव

Nilami-110

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

पत्र सं0:– 2752/रद्दी विक्रय–व्यवस्था/2024–25 , दिनांक :– 07 जून, 2024

रद्दी विक्रय हेतु नियम एवं शर्तें

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय में कागज की रद्दी (लिफाफा, सफेद पेपर, फाइल गत्ता एवं अखबार) जैसा है, जहाँ है, के आधार पर विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। रद्दी का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस को आयोग कार्यालय में किया जा सकता है। रद्दी क्रय करने के इच्छुक फर्म/ठेकेदार प्रति किलो दर अपने लैटर पैड पर बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट व आयोग काउन्टर पर दिनांक 19 जून, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध करायें जो कि उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे समिति के समक्ष लिफाफे खोले जाएंगे। डाक में विलम्ब के लिए आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं है। **लिफाफे के ऊपर "रद्दी हेतु दरें" अंकित करना अनिवार्य है।** दरों के साथ रु. 5,000/– (रु. पांच हजार मात्र) धनराशि की एफ0डी0आर0 के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के पक्ष में बन्धक (Pledge) कर संलग्न किया जाना है। आवश्यक शर्तें निम्नवत् हैं :–

1. धरोहर राशि की एफ.डी.आर. संलग्न किये बिना किसी भी फर्म/ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत दरों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।
2. जिन फर्म/ठेकेदार की दरें सबसे अधिक होगी, उनकी दरें गठित कमेटी द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृत की जायेगी एवं उनकी धरोहर राशि की एफ.डी.आर बतौर जमानत धनराशि के आयोग में जमा रहेगी। जिन फर्मों एवं ठेकेदारों की दरें कम होगी उनकी धरोहर राशि की एफ.डी.आर. वापस कर दी जायेगी जिसे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
3. दरें स्वीकृत होने के पश्चात कागज की रद्दी जैसा है, जहां है, के आधार पर उठान कराना आवश्यक है।
4. स्वीकृत ठेकेदार/फर्म को रद्दी उठाने की व्यवस्था हेतु बड़ा कांटा, बांट, बोरी आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। आयोग द्वारा इसके लिए कोई भी अतिरिक्त धनराशि भुगतान नहीं की जायेगी। सामान की तुलाई आयोग के प्रतिनिधि के समक्ष की जायेगी।
5. दरें स्वीकृत होने के पश्चात कुल धनराशि जमा करनी होगी तथा एक मुश्त रद्दी का उठान करना आवश्यक होगा।
6. आयोग के निर्देशानुसार उन रद्दी सामग्रियों को, जिसे आयोग उचित समझेगा, की लुग्दी आयोग के प्रतिनिधि के सामने फर्म/ठेकेदार द्वारा यथोचित स्थान पर कराया जाना आवश्यक होगा।

7. यदि स्वीकृत फर्म/ठेकेदार समय से रद्दी का उठान नहीं करता है तो उसकी धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर. जब्त करते हुए आयोग निस्तारण हेतु अन्य व्यवस्था करने के लिए स्वतंत्र होगा।
8. रद्दी विक्रय हेतु शासनादेशों के तहत जो भी टैक्स देय होंगे, स्वीकृत फर्म/ठेकेदार को जमा करना अनिवार्य होगा।
9. स्वीकृत फर्म/ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के द्वारा रद्दी उठाने हेतु यदि आयोग को कोई क्षति पहुंचायी जाती है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकृत फर्म/ठेकेदार का होगा।
10. अपने लैटर पैड पर रेट प्रति किलों अंकित करते हुए दुकान/निवास का फोन नम्बर भी अंकित किया जाना आवश्यक है। यदि मोबाईल फोन उपलब्ध हो तो मोबाईल फोन नम्बर भी अंकित किया जाए।
11. यदि समिति उचित एवं आवश्यक समझती है, तो लिफाफा बंद दरें डालने वाले व्यक्तियों के मध्य खुली बोली भी करा सकती है।
12. किसी भी विवाद की दशा में मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।
13. किसी भी फर्म/ठेकेदार की दरों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग को होगा।
14. अन्य शर्तें जो भी होंगी, मौके पर बतायी जायेंगी, जो सभी को मान्य होगी।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव